न्यूज डायरी

कमलानगर के सरस्वती विद्या मन्दिर में पूर्व छात्र सम्मेलन का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि फोटो : अमर भारती

सम्मेलन में एक-दूसरे से मिल गद्गद हुए पूर्व छात्र

आगरा। विद्या भारती के विद्यालयों में पढ़कर छात्र-छात्राएं कुछ ऐसा करें, जिससे समाज के लोग विद्या भारती को पहचानें। सभी पूर्व छात्रों को टीम भावना से काम करना चाहिए। यह विचार पूर्व छात्र परिषद ब्रज प्रान्त के प्रान्त प्रमुख संजय गोस्वामी के हैं। कमला नगर स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर में एक दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य शम्भू शरण मिश्र ने सभी पूर्व छात्रों का परिचय कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के पूर्व छात्र और विख्यात विज्ञानी डा. चन्द्र मोहन नौटियाल, विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री हेमचन्द्र, राष्ट्रीय संगठन संकल्प मंत्री कन्हैया लाल, प्रांत संगठन मंत्री हरीशंकर, प्रान्त संयोजक विनोद शर्मा, विद्यालय के अध्यक्ष शिवपाल और सीए महेन्द्र गर्ग आदि ने किया। इस मौके राष्ट्रीय संगठन संकल्प मंत्री कन्हैया लाल ने कहा कि आज के युवा अच्छी नौकरी, अच्छा जीवन साथी, अच्छे वाहन की इच्छा रखते हैं, तो उन्हें इन सपनों को पूरा करने के लिए क्षमताओं का होना आवश्यक है। ऐसे सपने देखने चाहिए जो आपको सोने न दें। इस अवसर पर विश्वेन्द्र सिंह, विवेक उपाध्याय, रविन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र दुबे, गोपीनाथ, हरीवीर सिंह, रमाकांत संभाग निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

भारतीय संस्कृति हमारी जीवन पद्धति में ही है, व्यक्ति का मूल चरित्र विद्यालय में लेता है आकार

बिचौला के कुएं में गिरी गाय

फतेहाबाद। थाना फतेहाबाद के गांव बिचौला में शनिवार को देर शाम गांव के बीच में स्थित कुएं में आवारा गाय अचानक गिर गई। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीण कुएं पर पहुंच गए। उन्होंने गाय को निकालने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी हासिल नहीं हो सकी। इसके बाद ग्रामीणों ने वन क्षेत्राधिकारी व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। खबर लिखे जाने तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी बिचौला के लिए रवाना हो चुकी थी।

ढाई हजार से ज्यादा बच्चों का हुआ टीकाकरण

भदरौली। नगर पंचायत पिनाहट क्षेत्र में रविवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा खसरा रुबेला व मीजिल्स जैसी घातक बीमारियों से बचाने के लिए टीके लगाए गए। इस दौरान नगर के सभी 13 वार्डों में 2543 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनोद कुमार, वीरेश बाबू, मीनेश वर्मा, डॉ. लक्ष्मीनरायन, इन्द्रप्रताप सिंह भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

कौशल दूतों को दिया प्रशिक्षण

फतेहपुर सीकरी। ग्राम दूरा में आर्ट ऑफ लिविंग के आरपीएल कार्यक्रम में कौशल दूतों को योग एवं रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया गया। मरूबाई कन्या इन्टर कॉलेज में आरपीएल कार्यक्रम श्री ग्रामीण डवलपमेन्ट प्रोजेक्ट एवं भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इसमें जनपद के पचास युवाओं को कौशलदूत के रूप में प्रशिक्षित किया गया। ये प्रशिक्षित युवाचार्य अपने क्षेत्र में जाकर योग प्रशिक्षक के रूप में योग व आयुर्वेद के साथ ध्यान प्राणायाम और रोगमुक्त शरीर के लिए ग्रामीणों को प्रशिक्षित करेंगे। इसके साथ ही स्किल इन्डिया के द्वारा रोजगार के लिए भी कार्य करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धक डॉ. भूरी सिंह ने दीप प्रज्ज्वन कर किया।

किरावली के सींगना में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम

सांसद चौधरी बाबूलाल की पहल पर भूमि चयन की प्रक्रिया शुरू

अमर भारती संवाददाता

किरावली। विकास खण्ड अछनेरा के एनएच-2 स्थित गांव सींगना के समीप उद्यान विभाग की साठ एकड़ भूमि पर केन्द्र सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण कराने का निर्णय लिया है। भाजपा सांसद चौधरी बाबूलाल की पहल पर प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण के लिए तीन सौ तेरह करोड़ की धनराशि बीसीआई को अवमुक्त की जा चुकी है। प्रस्तावित स्टेडियम के लिए सांसद प्रतिनिधि डॉ. रामेश्वर सिंह, उपजिलाधिकारी गरिमा सिंह, उद्यान विभाग के उपनिदेशक विजय कौशल द्वारा प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण कर निर्माण को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

तहसील किरावली विकास खण्ड अछनेरा के गांव सींगना में उद्यान विभाग की 60 एकड़ भूमि का अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम निर्माण के लिए चयन किया गया है। सांसद प्रतिनिधि डॉ. रामेश्वर सिंह ने बताया कि जिले में लम्बे समय से अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम निर्माण की मांग की जा रही थी। भाजपा सांसद चौधरी ने भी निर्माण कराए जाने की मांग की थी। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि केन्द्र सरकार ने 313 करोड़ रुपये की धनराशि बीसीआई को भेजी है। गांव सींगना के निकट बंजर पड़ी भूमि का प्रशासनिक अधिकारियों ने अवलोकन किया। भूमि की पैमाइश के लिए उपजिलाधिकारी के साथ राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि भूमि का चयन कर लिया गया है। उद्यान विभाग की ओर से भूमि का प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है। कुछ समय बाद ही अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण शुरू हो जाएगा। सांसद प्रतिनिधि का कहना है कि आगरा मण्डल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, ताकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दिया जा सकेगा। इससे खेल जगत में आगरा का भी नाम रोशन हो सकेगा।

सींगना गांव में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के लिए भूमि का अवलोकन करते अधिकारी

स्वामी विवेकानंद की स्मृति में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

अलग-अलग स्कूलों के चार सौ विद्यार्थियों ने लिया भाग फोटो : अमर भारती

अमर भारती संवाददाता

बरहन। कस्बे के राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज में रविवार को युवा संगठन समिति द्वारा स्वामी विवेकानंद की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को 12 जनवरी को पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।

एकलव्य युवा मण्डल के अध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के युवाओं की प्रतिभा को निखारना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज के अंग्रेजी के प्रवक्ता बृजेश कुमार सिंह, अजय धाकरे, आरजू दौनेरिया, अभिषेक प्रताप सिंह, विजय कश्यप, महेंद्र सिंह, आकाश कुमार, सचिन, ललित त्यागी, मोनू आर्य, श्याम कुमार, योगेश कुमार, रजत शर्मा, भगवान सिंह, देवेश, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

उधर, राष्ट्रीय युवा दिवस को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक एत्मादपुर रोड स्थित चंद्र वाटिका में हुई। इसमें आगामी दिनों होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि स्वामी विवेका नंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। जयंती को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। जयंती पर 12 जनवरी को दो कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सीकरी के बन्द घर में लाखों की चोरी

अमर भारती संवाददाता

घर की हालत देखकर गश खाकर गिरा गृह स्वामी

फतेहपुर सीकरी। कस्बे के मोहल्ला सराय पुख्ता में परिजनों के भात लेकर जाने के चलते बन्द घर में छत के रास्ते से कूदकर आधा दर्जन ताला तोड़ चोरों ने लाखों के जेवरात एवं नकदी चुरा ली। गृह स्वामी ने अपनी दो भांजियों के एक जनवरी को होने वाले निकाह के लिए आभूषण व नकदी घर में रखी थी। घर लौटा गृहस्वामी यहां की स्थिति को देखकर गश खाकर गिर पड़ा।

कस्बे के मोहल्ला सराय पुख्ता निवासी रईस फारूखी पुत्र सरफुद्दीन अपनी भांजियों की शादी के इंतजाम के लिए परिजनों के साथ शनिवार शाम मथुरा गए थे। घर के अन्दरूनी भाग के ताले लगाकर बाहरी भाग की चाबी पड़ोसी को दे गए थे। रविवार अपरान्ह जब पड़ोसी बाहरी गेट की चाबी से ताला खोल घर के अन्दर गया तो अन्दर के ताले टूटे देखकर उसके होश उड़ गए। इसकी जानकारी तत्काल ग्रहस्वामी को दी। घटना की सूचना पर गृहस्वामी मौके पर पहुंचे और घर में ताले टूटे एवं सोने-चांदी के जेवर व नकदी गायब देखकर परेशान हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। बता दें कि चोरों ने छत के रास्ते घरकर उतरकर पानी की तियाही की सरिया से कमरों के ताले-कुन्दी तोड़कर घर के अंदर रखी गोदरेज की अलमारियों के लॉकर व बक्सों के ताले तोड़कर जेवर-नकदी उड़ा ली। साथ ही एक बक्से को भी साथ ले गए।

प्रशासन की साठगांठ से भूमाफिया के हौसले बुलंद

अमर भारती संवाददाता

किरावली। तहसील किरावली के विकास खण्ड अछनेरा, अकोला, फ तेहपुर सीकरी क्षेत्र के दर्जनों गांवों के तालाबों पर दबंग भूमाफि याओं ने एकाधिकार कर लिया है। राजस्व विभाग से साठगांठ कर तालाबों पर तमाम भवनों का निर्माण कराया जा चुका है। प्रशासनिक अधिकारियों की भ्रष्ट कार्यशैली के चलते भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही तक नहीं हो पा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के तालाबों पर भूमाफि याओं की पैनी नजर है। फ रियादियों का आरोप है कि भ्रष्ट राजस्व कर्मियों द्वारा दी जा रही फर्जी जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासनिक अधिकारी इस समस्या के समाधान में नाकाम साबित हो रहे हैं।

तहसील किरावली के अंतर्गत तीन सौ से अधिक तालाब सरकारी अभिलेखों में दर्ज हैं। विकास खण्ड अछनेरा के गांव छह पोखर, तुरकिया, कचोरा, सांधन, अभैदोपुरा, सहाई, अटूस, नागर, भिलावटी, हसेला, ब्यारा, मांगरौल जाट, अरदाया, विद्यापुर, महुअर, सकतपुर, फ तेहपुरा, बस्तई, जनूथा, मगुरा, रायभा, नगला लालदास, कुकथला के अलावा विकास खण्ड अकोला के गांव जैंगारा, बेमन, लोरिया, जोतराज, बसैया, नहचानी, नगला झब्बा, सलेमाबाद, खेड़िया, अकोला के अलावा विकास खण्ड फ तेहपुर सीकरी के गांव कौरई, मलिकपुर, रोझौली, दूरा, उंदेरा, सामरा, भड़कोल, टीकरी, सरसा, अरहेरा चुरियारी, मण्डी मिर्जाखा, डाबर आदि गांवों के तालाबों पर भूमाफि याओं के आवासीय भवन बने हुए हैं। गांव तुरकिया निवासी जितेन्द्र सिंह पुत्र सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि गांव तुरकिया भूमि गाटा संख्या 131 रकबा 0.1150, गांटा संख्या 130 रकबा 0.0230 है तथा गाटा संख्या 174 की भूमि पर भू-माफि याओं ने पक्के भवनों का निर्माण कर लिया है। राजस्व रिकॉर्ड में ये सभी विवादित तालाब हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भूमाफि याओं से साठगांठ कर आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है। भूमाफि याओं द्वारा तालाबों पर किए गए अवैध कब्जों को प्रशासन द्वारा अभी तक ध्वस्त नहीं कराया जा सका है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि प्रशासनिक अधिकारी अपनी गर्दन बचाने के लिए तालाबों से अतिक्रमण हटाने की भ्रमाक रिपोर्ट भेज कर शासन की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। तालाबों पर अतिक्रमणों को लेकर गांवों में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

अछनेरा ब्लॉक क्षेत्र के एक तालाब की भूमि पर बने अवैध मकान

- रद्दी की टोकरी में फेंक दी जाती हैं मिलीं शिकायतें
- शासन को भ्रामक आख्या भेज ऑखों में धूल झौंकने का प्रयास
- दर्जनों तालाबों पर भूमाफियाओं का एकाधिकार बने बहुमंजिला भवन

अमेरिकी समाज सेविकाओं ने छात्राओं को बांटे सैनेटरी पैड्स

ताज फाउंडेशन केंद्र पर छात्राओं के साथ अमेरिकी समाजसेवी शॉपी ड्रॉलक और उनकी मां सूची फोटो : अमर भारती

अमर भारती संवाददाता

- स्वास्थ्य व बीमारियों के प्रति जागरूक रहने की दी सलाह

फतेहाबाद। अमेरिकी मूल की सामाजिक कार्यकर्ताओं ने फतेहाबाद स्थित ताज फाउंडेशन पर छात्राओं को निःशुल्क सैनेटरी पैड्स वितरित कर उनका मार्गदर्शन किया।

अमेरिका की सामाजिक कार्यकर्ताओं शॉपी ड्रॉलक ने अपनी मां सूजी और सहयोगी नेहा के साथ ताज फाउंडेशन के फतेहाबाद केंद्र का भ्रमण किया। केंद्र पर उन्हें बताया गया कि ताज फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है, जो शिक्षा सम्बंधी विकास कार्यक्रम संचालित कर रही है। गरीब छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है। इस कार्य में कक्षा 6 से 12 तक कि छात्राओं को सम्मलित किया गया है। छात्राओं ने विदेशी मेहमानों का स्वागत इश वंदना कर किया। अमेरिकी सामाजिक कार्यकर्ता सूजी ड्रॉलक ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने को कहा। इस दौरान बीमारियों से बचाव के लिए भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ताज फाउंडेशन के संस्थापक शिव बघेल, जिला कोर्डिनेटर आकाश वर्मा, केंद्र संस्थापक एमएल वर्मा समेत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी मौजूद रहीं।

अपहृत छात्रा बरामद, आरोपी फरार

फतेहपुर सीकरी। थाना क्षेत्र के गांव की कक्षा बारह की छात्रा को मेवात क्षेत्र का जेसीबी चालक बहला-फुसला कर अपहरण करके ले गया था। थाना पुलिस ने छात्रा को बरामद कर लिया है, वहीं आरोपी फरार है। क्षेत्र में भारत संचार निगम की भूमिगत केवल डालने में जेसीबी चालक साबिर काम करने आया था। बताते हैं कि यह युवक भोलीभाली छात्रा को बहला-फुसलाकर गुरुवार की रात अगवा करके ले गया। पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ शुक्रवार सुबह मुकदमा दर्ज किया गया था। सर्विलांस के जरिए थाना पुलिस की टीम ने छापा मारकर छात्रा को शनिवार की रात बरामद कर लिया, लेकिन आरोपी भाग गया। प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह राघव के अनुसार छात्रा का मेडिकल व न्यायलय में कलम बंद बयानों के अनुसार आरोपी के खिलाफ आगे की कार्यवाही की जाएगी।

प्रोग्रैसिव टीचरों ने जरूरतमंदों को किया वस्त्रों का वितरण

नूरी दरवाजे स्थित जरुरतमंदों को वस्त्र वितरण करते अप्टा के पदाधिकारी फोटो : अमर भारती

अमर भारती संवाददाता

आगरा। 'एक कदम मानव सेवा की ओर' को लेकर गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने निकले शिक्षकों ने एक बार फिर वस्त्रों का वितरण किया है। प्रोग्रैसिव शिक्षक संगठन के पदाधिकारी पिछले एक महीने से अलग-अलग जगह जाकर गर्म वस्त्र व कंबल का वितरण कर रहे हैं।

नूरी दरवाजे स्थित अप्टा (आगरा प्रोगेसिव टीचर्स एसोसिएशन) के शिक्षकों ने रविवार की शाम सर्दी से कांपते हुए लोगों कंबल व गर्म कपड़ों का वितरण किया। संस्था के संस्थापक व संयोजक सुनील उपाध्याय ने बताया कि अप्टा के तहत आने वाली पांच से ज्यादा शिक्षण संस्थाएं शिक्षा का प्रसार-प्रचार के साथ मानव सेवा को भी अपना कर्तव्य मानती हैं। सभी शिक्षक जरूरतमंद लोगों की समय-समय पर मदद करते रहते हैं। इसी मदद को आगे बढ़ाते हुए एसोसिएशन के सभी शिक्षक फरवरी तक गर्म वस्त्र व कंबल का वितरण करेंगे। संस्था के रोहित दीक्षित ने बताया हम शिक्षकों का काम केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं बल्कि लोगों के दुख-दर्द समझ कर उनकी सहायता करना भी है। इस जनसेवा अवसर पर अंकुर जैन, अनिल उपाध्याय, अवनी शर्मा, सौरभ शर्मा, त्रिशंतिक वर्मा आदि मौजूद रहे।

किसानों की महापंचायत में नहर के विस्तार पर मंथन

अमर भारती संवाददाता

फतेहपुर सीकरी। ब्लॉक क्षेत्र के तीन दर्जन गांवों की कृषि असिंचित होने पर किसान 30 वर्षों से सिंचाई के लिए संघर्ष कर रहे हैं। किसानों की आर्थिक स्थिति बदतर होती जा रही हैं। भूगर्भ का जलस्तर गिरने से ट्यूबवैल भी फेल हो गए हैं। इसे लेकर रविवार को कुशवाह फ र्म हाउस जौताना में हुई महापंचायत में संघर्ष समिति का गठन किया गया। समिति के तले किसान आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। महापंचायत में प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर संघर्ष समिति का गठन किए जाने का फैसला लिया। किसानों ने आगामी रणनीति बनाने के लिए सामरा में महापंचायत करने का फैसला किया। इसमें फतेहपुर सीकरी नहर ब्रांच बड़ी नहर के विस्तार का ब्ल्यू प्रिंट तैयार कर जनप्रतिनिधियों के साथ शासन प्रशासन को देने पर विचार होगा। इकिसान नेता चौधरी जगदीश नौहवार तथा हुकुम सिंह समेत मौजूद ग्रामीणों ने एक स्वर से कहा कि आगामी चुनावों में नहर नहीं तो वोट नहीं की नीति अपनाई जाएगी। ग्रामीण नोटा का प्रयोग करेंगे। चुनाव के दौरान किसी भी राजनीतिक दल के नेताओं को गांवों के प्रवेश द्वारों पर विरोध किया जाएगा। साथ ही चुनाव प्रचार में सहयोग व सत्कार नहीं किया जाएगा। दशकों से सांसद और विधायक ग्रामीणों को आश्वासनों की घुट्टी पिला रहे हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। यह भी तय हुआ कि नहर लाओ संघर्ष समिति जिला मुख्यालय व कमिश्नरी पर धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देगी। महापंचायत में मौजूद भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि डॉ. रामेश्वर सिंह एडवोकेट, रालोद नेता डॉ. मालती चौधरी व नेम सिंह चौधरी ने नहर विस्तार में सहयोग देने का आश्वासन दिया। पं. निरोतीलाल की अध्यक्षता में हुई महापंचायत में नूर सिंह कुशवाह, चेतन नौहवार, राजेन्द्र शर्मा, समाजसेवी अब्दुल कदीर, राधेश्याम कुशवाह, ज्ञान सिंह कुशवाह, दीना चौधरी, हरिओम चौधरी, तालेवर सरपंच, सत्यवीर प्रधान, वीरपाल माहुरा, ताराचन्दलोधी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

डीजल युक्त पानी निकलने पर अधिकारियों ने लगाई दौड़

फतेहाबाद। ब्लॉक फतेहाबाद के अंतर्गत सती मंदिर पर एमडीकेडी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में लगी सबमर्सिबल से निकले चिकनाई युक्त पानी से डीजल की गंध आने की सूचना पर प्रशासन के अधिकारियों में उत्सुकता बढ गई। अधिकारियों में मौके पर पहुंच पानी के सेंपल लिए। रविवार सुबह तहसीलदार राजू कुमार के पास मोबाइल पर सूचना मिली कि सती मंदिर के पास एमडीकेडी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में 5--6 वर्ष पूर्व सबमर्सिबल लगवाई गई थी। जलस्तर नीचे चला जाने के कारण उसी बोरिंग को 3-4 दिन पूर्व गहरा कराया गया था इसके बाद सबमर्सिबल से निकला पान चिकनाई युक्त और उसमें डीजल की गंध आने लगी। तहसीलदार ने बताया कि पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। मौके पर उनके साथ राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे।

सबमर्सिबल से निकले पानी के सेंपल लेकर जांच के लिए भेजे

नए साल पर कुछ खास करने की तैयारी में जुटे हैं युवा

- युवतियां और महिलाएं भी आयोजन की तैयारी में
- बाजार से सामान खरीदने का सिलसिला जारी

अमर भारती संवाददाता

आगरा। नए साल का काउंट डाउन शुरू हो गया है। युवाओं में नए साल को लेकर खासा जोश दिखाई दे रहा है। कुछ लोग इस दिन को और भी खास बनाने के लिए नए साल को ताज के साए में मनाने को बेहद संजीदा हैं। युवा अपने साथियों के साथ मूवी के टिकट भी बुक करा चुके हैं। वहीं महिला और पुरुषों ने इस दिन के विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं।

आजकल की व्यस्त भाग दौड़ की जिन्दगी में महिलाएं बच्चों को सही प्रकार से पोषण नहीं कर पा रही हैं। इसलिए बच्चों और महिलाओं के पोषण के लिए शिविर भी लगाए जाएंगे। जिससे वे कम पैसों में भरपूर विटामिन का उपभोग कर सकें। नेकी की दीवार के जरिए अधिक से अधिक बच्चों को कपड़े, जूते और पढ़ाई से सम्बन्धित आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आगे कदम बढ़ाएंगे।

डा. रेणुका डंग, सीनियर डाइटीशियन

नए वर्ष को लेकर पूरा परिवार और शहर बेहद संजीदा है। लोगों में खुशी का माहौल है। नवम्बर और दिसम्बर में हुए राजू और संजलि हत्याकांड की पुनरावृत्ति न हो। महिलाओं के लिए सख्त कानून बने ऐसी नए साल में उम्मीद है। गरीबी और बेरोजगारी भी दूर हो।

पल्लवी महाजन अध्यक्ष, अधिकार वेलफेयर सोसायटी

नए साल में महिलाओं और बच्चियों को अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए जागरूक करेंगे। उनकी प्रत्येक जायज मांगों में भरपूर साथ देंगे। स्कूली छात्राओं को आत्म रक्षा करने के गुर सिखाने में मदद करेंगे। जिससे वे किसी भी मुसीबत के समय में खुद अपनी रक्षा कर सकें।

शबाना खण्डेलवाल, समाजसेविका

वर्ष 2018 में काफी कुछ सीखने को मिला। कुछ खट्टे कुछ मीठे अनुभव भी मिले। नये वर्ष में समाज की बेहतरी के लिए और भी कुछ नई योजनाएं बनाएंगे। महिलाओं के स्वयंसेवी बनाने में मदद की जाएगी। गरीब परिवार के बच्चों के लिए आगे पढ़ाई का रास्ता भी बनाएंगे। दिव्यांगों का मनोबल बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

प्रीति फौजदार, अध्यक्ष यशवीकेन संस्था

क्लासीफाइड

आवश्यकता● नियुक्तियां● बिक्री● प्रोपर्टी● शिक्षा● फाइनेन्स
● बिकाऊ● नाम परिवर्तन● खोया पाया● कोर्ट नोटिस
उठावनी● शोकसंदेश● शवयात्रा● पुण्यतिथि एवं अन्य

अमर भारती
Classifide Agra Edition

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिए अमर भारती अधिकृत बुकिंग सेन्टर अमर भारती कार्यालय जा सकते हैं।

क्लासीफाइड 'कम दाम, ज्यादा काम'

Off. No. 0562-2520168, Mob. 6398889415, 9837692356